# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्थ सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-1

14 अग्रहायण 1933 (श०)
सोमवार, तिथि ————————
5 दिसम्बर 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या—69

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) गृह विभाग | .. | .. | 35 |
| (2) कारा विभाग | .. | .. | 03 |
| (3) अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | .. | .. | 09 |
| (4) उद्योग विभाग | .. | .. | 05 |
| (5) वाणिज्य-कर विभाग | .. | .. | 03 |
| (6) गन्ना उद्योग विभाग | .. | .. | 06 |
| (7) सांख्यिक वित्त विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग (राजभाषा) | . | .. | 02 |
| (9) सामान्य प्रशासन विभाग .. | .. | .. | 04 |
| | | कुल योग .. | 69 |

लागू करना

*1. श्री सुबोध राय--स्थानीय दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 22 जून, 2011 को प्रकाशित ''बुजुर्गों की रक्षा करेंगे थानेदार'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के वयोवृद्ध नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेवारी थानेदार एवं एस०पी० की होगी, वैसे माता-पिता जिनके बच्चों द्वारा उपेक्षा की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देश के तहत राज्य पुलिस मुख्यालय द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण अधिनियम, 2007 को लागू करने के लिए समेकित योजनाएं बनायी है;

(3) क्या यह बात सही है कि अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) ने उक्त प्रस्ताव के प्रारूप को गृह विभाग को मंजूरी के लिए भेजा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रस्ताव को कब से लागू कराने का विचार रखती है ?

---------

छात्रावास का निर्माण

*2. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं है, यदि हां, तो सरकार उक्त प्रखंड में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

ओ०पी० खाली करना

*3. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड अंतर्गत पशु चिकित्सालय फेकला के भवन में फेकला ओ०पी० विगत पन्द्रह वर्षों से चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पशु चिकित्सालय, फेकला के भवन में फेकला ओ०पी० चलने के कारण पशु चिकित्सालय पूर्णतः बन्द है, जिसके कारण पशु मालिकों को पशु का इलाज कराने में कठिनाईयां हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशु चिकित्सालय फेकला के भवन से फेकला ओ०पी० को खाली करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सम्मिलित करना

*4. श्री सोने लाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारतीय संविधान के 92वां संशोधन, 2003 के द्वारा संविधान की आठवी अनुसूची में बोडो, डोगरी, मैथिली एवं संस्थाली भारतीय भाषा को सम्मिलित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि संविधान में संशोधन के फलस्वरूप इन भारतीय भाषाओं को संघ लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा में भाषा साहित्य विषय के रूप में परीक्षा ली जाती है;

(3) क्या यह बात सही है कि संशोधन के फलस्वरूप मैथिली भाषा साहित्य को बिहार लोक सेवा आयोग के प्रतियोगिता परीक्षा में भाषा साहित्य के विषय के रूप में परीक्षा ली जाती है, जबकि संथाली भाषा साहित्य की परीक्षा नहीं ली जाती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिहार लोक सेवा आयोग की प्रतियोगिता परीक्षा में संथाली भाषा साहित्य को परीक्षा में सम्मिलित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*5. श्रीमती कविता कुमारी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत दरौंदा विधान-सभा क्षेत्र के सिसवन थाना का चैनपुर ओ०पी० भवनहीन है जो अभी रामजानकी मंदिर, चैनपुर में अवस्थित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त ओ०पी० हेतु भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*6. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, वित्त वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वाणिज्य-कर विभाग में लघु कर दाता व्यवसायियों की संख्या 1 लाख है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त व्यवसायियों में से मात्र 4 हजार व्यवसायी नियमित रूप से कर का भुगतान कर रहे हैं जबकि 96 हजार व्यवसायी कर का भुगतान नहीं कर रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कर का भुगतान नहीं करने वाले व्यवसायियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन का औचित्य

*7. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, वित्त वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के वाणिज्य-कर विभाग में 49 अंचल कार्यालय कार्यरत हैं जिसमें से 17 अंचल ए श्रेणी एवं 32 अंचल बी तथा सी श्रेणी के हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि ए श्रेणी के अंचल में उपायुक्त एवं बी तथा सी श्रेणी के अंचल में सहायक आयुक्त स्तर के पदाधिकारियों को प्रभारी रूप में पदस्थापन करने का प्रावधान है;

(3) क्या यह बात सही है कि चालू वित्तीय वर्ष में ए श्रेणी के अंचल में 07 वाणिज्य-कर सहायक आयुक्त एवं बी तथा सी श्रेणी के अंचल में 05 उपायुक्त स्तर के पदाधिकारियों को प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो नियम विरुद्ध उपरोक्त पदस्थापन का क्या औचित्य है ?

---------

पुलिस चौकी स्थापित करना

*8. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विथान थाना क्षेत्र के लरझा-घाट पुल सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण अपराधियों का शरण-स्थली बना हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान पर पुलिस चौकी नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार विथान थाना के लरझा घाट पर पुलिस चौकी स्थापित करने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गैरेज का निर्माण

*9. श्रीमती लेसी सिंह--क्या मंत्री, गृह(विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिला के धमदाहा अनुमंडल में अग्निशमन केन्द्र के लिए भवन तथा कार्यालय नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि धमदाहा अनुमंडल के लिए दो दमकल उपलब्ध कराया गया है, जिसके रख-रखाव हेतु भवन नहीं होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धमदाहा अनुमंडल में अग्निशमन केन्द्र हेतु कार्यालय भवन समेत दमकल रखने हेतु गैरेज निर्माण करने का विचार रखती है ?

---------

भवन का निर्माण

*10. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर के थाना का भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि थाना भवन नहीं होने के कारण प्रशासनिक कार्यों में कठिनाइयां होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पातेपुर थाना के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

छात्रावास का निर्माण

*11. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट एवं संझौली प्रखण्डों में अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए कोई छात्रावास नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रावास नहीं रहने के कारण यहां के छात्रों को लम्बी दूरी तय कर विद्यालय एवं महाविद्यालय आना-जाना पड़ता है, जिससे छात्र परेशान हो जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों हेतु काराकाट एवं संझौली प्रखण्डों में अल्पसंख्यक छात्रावास खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अवर निरीक्षकों का स्थानान्तरण

*12. श्री ललन राम--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकारी नियमानुसार एक रेंज में लगातार दस वर्षों तक पदस्थापित रहने के बाद पुलिस पदाधिकारी का स्थानान्तरण देय हो जाता है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त मगध रेंज में दस वर्षों से अधिक अवधि से पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षकों को स्थानान्तरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

उर्दू संबंधी कार्य लेना

*13. श्री अख्तरूल ईमान--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय (राज्य भाषा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य की दूसरी सरकारी भाषा ''उर्दू'' के विकास के लिए सरकार द्वारा प्रखण्ड कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक उर्दू अनुवादक की बहाली वर्ष 1983 से की गई है तथा अक्टूबर, 2002 में मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है कि सभी जिला में उर्दू कोषांग का गठन किया जाएगा;

(2) क्या यह बात सही है कि बहाली के बाद से ही उर्दू अनुवादकों से उर्दू संबंधी कार्य के बजाय स्थापना, लेखा एवं अन्य दैनिक कार्य लिए जाते हैं, जबकि सरकार के सचिव के पत्रांक 198, दिनांक 29 अगस्त, 2006 में स्पष्ट उल्लेखित है कि उर्दू अनुवादकों से उर्दू संबंधी कार्य के अतिरिक्त (आकस्मिक कार्य छोड़कर) अन्य कार्य नहीं लिया जायें;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मंत्रिमंडल के निर्णय अनुसार सभी जिला में उर्दू कोषांग का गठन करने तथा उर्दू अनुवादक से केवल उर्दू संबंधी कार्य लेने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

थाना स्थापित करना

*14. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरुआ प्रखण्ड के अन्तर्गत भरौंधा ग्राम की 10 किलो मीटर की परिधि में कोई थाना नहीं रहने के कारण विगत दो वर्षों से यहां अपराध अनियंत्रित हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु भरौंधा में थाना स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कर्मियों का पदस्थापन

*15. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज अनुमंडल अन्तर्गत स्थापित अग्निशमन केन्द्र, नटवार में चालक सहित अन्य कर्मियों की कमी के कारण आग बुझाने में बाधा उत्पन्न होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त केन्द्र में स्वीकृत बल के अनुसार कर्मियों का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मानदेय का भुगतान

"क" *16. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत तीनों चीनी मिलों सिधवलिया, गोपालगंज तथा सासामुसा में हजारों मजदूरों को 25 वर्षों से दो हजार रुपये के मानदेय पर काम कराया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि इनकी सेवा स्थायी नहीं की जाती है तथा जो मजदूर अपनी सेवा स्थायी करने की मांग करते हैं, उन्हें मिल प्रबंधन द्वारा मिल से हटा दिया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवश्यक कार्रवाई कर इन तीनों चीनी मिलों में वर्षों से कार्यरत मजदूरों की सेवा स्थायी कराकर समुचित मानदेय का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

"क"- श्रम एवं नियोजन विभाग को स्थानांतरित।

चहारदीवारी का निर्माण

*17. श्री मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के कसबा थाना का कार्यालय का भवन विगत 5 वर्षों से जर्जर एवं चहारदीवारीविहीन है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कसबा थाना कार्यालय भवन का जीर्णोद्धार एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*18. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2010 में खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी अनुमंडल कार्यालय के लिए भवन निर्माण हेतु निर्णय लिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि वित्त विभाग द्वारा राशि उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण अनुमंडल कार्यालय, गोगरी का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अनुमंडल कार्यालय, गोगरी के भवन निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराकर कार्य प्रारम्भ करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

गाड़ी की व्यवस्था

*19. श्री राजकुमार राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बिथान प्रखंड एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिथान थाना में गाड़ी नहीं होने के कारण बिथान थाना को उग्र प्रभावित क्षेत्र को नियंत्रण एवं अपराधियों पर काबू पाने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बिथान थाना में गाड़ी की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जमीन का घेराबंदी

*20. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला कारा की संपूर्ण जमीन की घेराबंदी करने का निर्णय सरकार द्वारा वर्ष 2009 में लिया गया, लेकिन संपूर्ण जमीन की घेराबंदी नहीं किया जा रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार सुरक्षा व्यवस्था हेतु उक्त कारा की संपूर्ण जमीन की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

केन्द्र स्थापित करना

*21. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के एक भी प्रखंड में कौशल विकास केन्द्र नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिला बिल्कुल पिछड़ा हुआ जिला है, यहां के अधिकांश नौजवानों को प्रशिक्षण के अभाव में रोजगार हेतु अकुशल मजदूर के रूप में भटकना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवादा जिला के सभी प्रखंडों में एक-एक कौशल विकास केन्द्र स्थापित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति

*22. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में मात्र 13 दमकल वाहन है और चलाने के लिए मात्र एक ड्राईवर तैनात किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विभाग में 13 अग्निशमन वाहनों में एक फोम टेंडर, एक वाटर वाउजर नौ सामान्य और छोटे दमकल हैं जो पुराने और खराब स्थिति में है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में भागलपुर जिले के अग्निशमन विभाग को अत्याधुनिक उपकरणों के साथ-साथ कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक ?

---------

क्रय केन्द्र खोलना

*23. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत सिकरहना अनुमंडल के ठाका, घोड़ासाहन, चिरैया, पताती, बनकटवा प्रखंडों में ईख की खेती करने वाले किसानों के ईख खरीदने हेतु ईख क्रय केन्द्र नहीं रहने के कारण किसानों को काफी कठिनाई हो रही है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त प्रखंड मुख्यालयों में ईख क्रय केन्द्र खोलने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*24. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर अनुमंडलान्तर्गत बाबा हरिहरनाथ एवं पहलेजाघाट ओ०पी० को अपना भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन के अभाव में ओ० पी० थानाकर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बाबा हरिहरनाथ एवं पहलेजाघाट ओ०पी० थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लाभ पहुँचाना

*25. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के निर्णयनुसार अल्पसंख्यक समुदाय के प्रथम श्रेणी में मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को 10,000 रु० प्रोत्साहन राशि दी जाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के श्री अम्बिका उच्च विद्यालय, आमी से वर्ष 2009 में मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक छात्रों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना के तहत छात्राओं को इसका लाभ पहुंचाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रारंभ करना

*26. श्री अरूण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी प्रखंड स्थित जोंकी गांव में 22 एकड़ जमीन रेशम विभाग को उपलब्ध है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थल पर रेशम उद्योग का कार्य विगत 10 वर्षों से बंद पड़े हुए हैं, जिससे उद्योग से जुड़े लोगों को भुखमरी की स्थिति पैदा हो गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर रेशम उद्योग प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

शामिल करना

*27. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में नक्सलवाद के उन्मूलन हेतु केन्द्र सरकार के समेकित कार्य योजना के तहत नक्सल प्रभावित जिलों का चयन कर विकास का कार्य कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार का बांका जिला जो उड़ीसा, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल राज्यों से सटा हुआ है, वह पूर्णरूपेण नक्सल प्रभावित जिला है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नक्सलवाद के उन्मूलन हेतु बांका जिला को भारत सरकार के समेकित कार्य योजना में शामिल करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

थाना खोलना

*28. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड, सिंहेश्वर, शंकरपुर एवं मधेपुरा प्रखण्ड अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में अनुसूचित जाति हेतु थाना नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में अनुसूचित जाति हेतु थाना खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नकली सामानों के निर्माण पर रोक

*29. श्री अवनीश कुमार सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 11 नवम्बर, 2011 में प्रकाशित शीर्षक राजधानी की अर्थव्यवस्था कराह रही नकली नोटों के कारोबार से ''ब्रांडेड कंपनियों के नकली माल छापेमारी में बरामद'' के आलोक में क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना पूर्वी भारत के नकली नोट एवं नकली सामानों का सबसे बड़ा मंडी हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार नकली नोट एवं नकली सामानों के निर्माण तथा उसकी बिक्री पर रोक लगाने हेतु विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

छात्रावास का निर्माण

*30. श्री राम सूरत राय--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत औराई एवं कटरा प्रखंड मुख्यालय में अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावास नहीं रहने से छात्रों को अध्ययन कार्यों में काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड अल्पसंख्यक बाहुल्य प्रखंड है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित प्रखंडों में अल्पसंख्यक कल्याण छात्रावासों के निर्माण हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पुनर्निर्माण करना

*31. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला अन्तर्गत अस्थावां एवं सरमेरा थाना का भवन, आवास एवं बैरक की स्थिति विगत 10 (दस) वर्षों से जीर्ण-शीर्ण है तथा वर्षात के दिनों में थाना में कार्य करने में असुविधा होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त थाना भवनों में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवनों, आवास एवं बैरक का पुनर्निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

कमीशन का भुगतान

*32. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखंड सुगौली ( जिला-पूर्वी चम्पारण ) अंतर्गत सुगौली सहयोगिक विकास एवं ईख क्रय-विक्रय संघ समिति के आर्थिक आय का एक मात्र स्रोत ईख आपूर्ति पर चीनी मिलों द्वारा दिया जाने वाला कमीशन भुगतान है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार स्टेट सुगर कारपोरेशन लि0, सुगौली इकाई द्वारा विगत वर्ष 1990-91 से वर्ष 1996-97 तक उक्त संस्था का अर्जित कमीशन रु0 2,33,172.98 रु0 का भुगतान निधि के अभाव के कारण बताकर नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संघ के बकाये सहकारिता कमीशन का भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

राशि निर्गत करना

* 33. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू बिहार को वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 का अनुदान विभाग की ओर से अभीतक निर्गत नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अंजुमन तरक्की-ए-उर्दू बिहार को बकाया अनुदान की राशि निर्गत करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

अतिक्रमण से मुक्ति

* 34. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक दण्डाधिकारी, सदर भागलपुर के पत्रांक 190, दिनांक 21 जून, 2011 द्वारा थानाध्यक्ष, बरारी थाना, भागलपुर को मोहल्ला छोटी खंजरपुर (झौवाकोठी) के अन्तर्गत नाला को अतिक्रमण से मुक्त कराने का आदेश दिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त आदेश के आलोक में थानाध्यक्ष द्वारा अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आदेश के आलोक में नाला का अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिपाहियों की भर्ती

* 35. श्री आलोक रंजन--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में काराओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 40.00 करोड़ रुपया का प्रावधान किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में वर्ष 1983 के बाद कारा सिपाहियों की बहाली नहीं की गई है, जिसके कारण जेल प्रशासन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार काराओं के सुदृढ़ीकरण योजना के तहत कारा सिपाहियों की भर्ती करने का विचार रखती है ?

--------

कार्रवाई करना

* 36. श्री राम सुरत राय--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई प्रखंड औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त है, जहाँ उक्त प्रखंड के रतवारा ग्राम पंचायत में सरकारी जमीन 100 एकड़ उपलब्ध है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त भूमि पर जुट मिल स्थापित करने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

* 37. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत वर्ष 2010-11 में प्राप्त राशि से कब्रिस्तान घेराबंदी का कार्य नहीं हो सका जिसके कारण राशि लौटाने के साथ ही साथ वर्ष 2011-12 में अभीतक एक भी कब्रिस्तान की घेराबंदी का कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि कब्रिस्तान की घेराबंदी कल्याण विभाग द्वारा कराया जाना था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2011-12 में कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने के साथ दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मिट्टी भरना

* 38. श्रीमती आशा देवी(186)-- क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दानापुर प्रखंड अन्तर्गत सगुना कब्रिस्तान परिसर एवं नासरीगंज कब्रिस्तान परिसर में नाले का गंदा पानी होने के कारण शवों को दफन करने में समस्या उत्पन्न होती है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त दोनों कब्रिस्तानों में मिट्टी भराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मूल्य में वृद्धि

* 39. श्री मोतीलाल प्रसाद--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पिछले वर्ष राज्य में गन्ना के तीन किस्तों के मूल्य क्रमश: 195 रु० 205 रु० एवं 210 रु० निर्धारित किये गये थे, यदि हां, तो सरकार गन्ना के मूल्य में इस वर्ष वृद्धि करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

लागू करना

* 40. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखंड सुगौली (जिला पूर्वी चम्पारण) अन्तर्गत साहयौगिक विकास एवं ईख क्रय-विक्रय संघ समिति, सुगौली क्षेत्र ईखोत्पादकों की एक संस्था है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ईख आपूर्ति एवं क्रय का विनियम अधिनियम, 1981 के द्वारा इसके कार्य संरक्षित थे, परन्तु 1997-98 से यह सुविधा सरकार द्वारा वापस ले ली गयी है, जिस कारण संघ कतिपय आर्थिक संकट से जूझ रहा है एवं इसके कर्मचारी भुखमरी के शिकार हो रहे हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त संघ का निर्वाचन प्रत्येक पाँच वर्ष की अवधि के लिए सरकार द्वारा कराया जाता है, जबकि इसका संपूर्ण कार्य सरकार द्वारा वापस ले लिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो बिहार ''ईख आपूर्ति एवं क्रय विनियम अध्यादेश, 1981'' को सरकार द्वारा वापस लेने का क्या औचित्य है तथा सरकार इसे कब से लागू करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

चीनी मिल खोलना

* 41. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के अतरी विधान-सभा क्षेत्र में एक भी चीनी मिल नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार गया जिला के अतरी में चीनी मिल खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

* 42. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत शेरघाटी अनुमंडल नौ प्रखंड का अनुमंडल है;

(2) क्या यह बात सही है कि शेरघाटी में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं रहने से सुदूरवर्ती छात्रों को महंगे दर पर किराये के मकान में रहकर शिक्षा ग्रहण करना पड़ता है। जिससे गरीब छात्रों एवं अभिभावकों पर अत्यधिक बोझ पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शेरघाटी अनुमण्डलीय स्तर का अल्पसंख्यक छात्रावास निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

थाना स्थापित करना

* 43. श्री (डॉ०) प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखंड के मनीहारी ग्राम के आस-पास की 15 कि०मी० की परिधि में पुलिस थाना नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि पांच वर्ष पूर्व यहां पुलिस आउट पोस्ट (ओ०पी०) कार्यरत होने से अपराध नियंत्रित था;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मनिहारी ग्राम में थाना स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

प्रोत्साहन देना

* 44. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 2 अक्तूबर, 2011 के अंक में छपी खबर के शीर्षक ''दो लाख से घटकर 15000 हुए सूतकार बुनकर'' के आलोक में क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि देश में कुल उत्पादन की मात्रा 1.8 % ही खादी का उत्पादन राज्य में होता है, जब कि राज्य की जनसंख्या का अनुपात 9 % है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष-1987-88 से 2004-05 तक खादी पर मिली छूट की राशि का भुगतान राज्य सरकार द्वारा नहीं किए जाने के कारण 75 करोड़ रुपये का घाटा खादी उद्योग को हुआ;

(3) क्या यह बात सही है कि खादी उद्योग के बीमार हालत के कारण इनके बुनकरों की संख्या दो लाख से घटकर 15000 मात्र रह गई है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खादी उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए कौन से उपायों पर विचार कर रही है?

--------

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

* 45. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 अक्तूबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''कहां गये 94 हजार आवेदन'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त एवं कार्यान्वयन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 25 लाख किसानों को के०सी०सी० देने की योजना है, जिसमें प्रखंड मुख्यालयों पर मेले के माध्यम से ऋण देने के लिए 1 लाख 20 हजार आवेदन प्राप्त हुए;

(2) क्या यह बात सही है कि जब बैंक में ऋण देने की बारी आई तो बैंको ने कहा कि 26 हजार आवेदन मिले हैं, आखिर 94 हजार आवेदन कहां गये;

(3) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2011-12 में 15 लाख नये किसानों को के०सी०सी० और 10 लाख पुराने किसानों को के०सी०सी० रिन्यूअल का लक्ष्य है;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में बैंकों से 94 हजार आवेदन को गुम करने और समय पर ऋण का भुगतान नहीं करने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों?

--------

कमिटी के अधीन करना

* 46. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला अन्तर्गत प्रखंड सहार के खेरा में वक्फ बोर्ड का जमीन जो 2003 ई० के पूर्व प्रखंड मुख्यालय, सहार और वक्फ बोर्ड कमिटी के अन्तर्गत था;

(2) क्या यह बात सही है कि 2003 में प्रखंड मुख्यालय और उक्त कमिटी के अधीन वक्फ बोर्ड के जमीन को हटा दिया गया, जिसके कारण वर्त्तमान समय में कुल 9 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा आम लोगों द्वारा कर लिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त वक्फ बोर्ड के जमीन को अवैध कब्जा से हटाकर फिर प्रखंड मुख्यालय और कमिटी के अधीन करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

शहीद स्मारक का निर्माण

* 47. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के कंकड़बाग स्थित डिफेंस कॉलोनी पार्क में शहीद स्मारक के निर्माण एवं राजेन्द्र नगर, रोड नंबर-4 स्थित पार्क में पंडित दीन दयाल उपाध्याय की आदमकद मूर्ति लगाने के लिए 20 दिसम्बर, 2009 ई० में विभाग द्वारा शिलान्यास करने के बावजूद अबतक इनका निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित शहीद स्मारक का निर्माण एवं आदमकद मूर्ति लगाने का विचार रखती है? कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

कार्रवाई करना

* 48. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलांतर्गत हलसी, रामगढ़, लखीसराय, सूर्यगढ़ा एवं चानन प्रखंडों में धान, रब्बी एवं मक्का की खेती बड़े पैमाने पर होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में धान, रब्बी एवं मक्का पर आधारित उद्योग नहीं होने के कारण किसानों को धान एवं मक्का का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में कृषि पर आधारित उद्योग लगाने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराना

* 49. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड बगहा-2 के ग्राम-ठाढ़ी में मगर जाति के लोग, हजारों वर्षों से निवास करते हैं, जिन्हें सरकार द्वारा निवास प्रमाण-पत्र दिया जाता है, लेकिन जाति प्रमाण-पत्र नहीं मिलता है, जिसके कारण उक्त जाति के छात्र नौकरी और व्यवसाय आदि से वंचित हो रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन्हें जाति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों?

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*50. श्री रामप्रवेश राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला मुख्यालय में 28 अप्रील, 2011 को बिजली की समस्या को लेकर शहर के व्यवसायियों द्वारा शांतिपूर्ण धरना पर गोपालगंज अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज एवं फायरिंग किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि लाठी चार्ज एवं फायरिंग के विरोध में कई दिनों तक शहर की सभी दुकान बंद थी;

(3) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त घटना की जाँच आरक्षी महानिरीक्षक, तिरहुत प्रक्षेत्र द्वारा दिनांक 16 जून, 2011 एवं 29 जुलाई, 2011 को किया गया था ;

(4) क्या यह बात सही है कि घटना के 7 माह बीत जाने के बावजूद घटना के जवाबदेह पदाधिकारियों पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है ;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घटना के लिए जिम्मेवार पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवनों का निर्माण

*51. श्री मनीष कुमार--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत भागलपुर-हंसडीहा पथ पर स्थित रजौन एवं धोरैया थाना का भवन पूरी तरह से जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1999 में उक्त थाना पर नक्सली हमला भी हो चुका है जिससे आज भी वहां पर पदस्थापित कर्मी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त थाना के भवनों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि की प्रतिपूर्ति

*52. श्री अजीत कुमार--क्या मंत्री, वित्त वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मे० अमृत इन्डस्ट्रीज प्रा०लि०, औद्योगिक प्रांगण, समस्तीपुर एवं मे० छिन्नमस्तिका इन्टरप्राईजेज प्रा०लि०, औद्योगिक प्रांगण समस्तीपुर द्वारा क्रमश: 36, 13, 898 रु० एवं 30, 34, 378 रु० की वैट राशि के रूप में वर्ष 2008-09 से वर्ष 2010-11 तक जमा किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों फर्मों को क्रमश: 2891118 रु० एवं 2427503 रु० की प्रतिपूर्ति हेतु वाणिज्य-कर आयुक्त, बिहार के ईमेल पर 3 जून, 2011 को समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर द्वारा प्रतिवेदन भेजा गया है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित फर्मों को प्रावधान के आलोक में वैट की राशि की प्रतिपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

कारा की मरम्मती

*53. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, कारा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर अनुमंडल कारा में मरम्मती का कार्य 29 वर्षों से नहीं की गई है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कारा की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*54. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अन्तर्गत उर्दू निदेशालय राजभाषा के निदेशक का पद विगत एक वर्ष से रिक्त है, यदि हां, तो क्या सरकार सुचारु रूप से कार्य संचालन हेतु उक्त रिक्त पड़े पदों को भरने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*55. श्री अवधेश कुमार राय--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मनसूरचक थाना का अपना भवन नहीं होने के कारण स्वास्थ्य विभाग के भवन में थाना चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इससे स्वास्थ्य सेवा में कर्मचारी तथा पुलिस बल दोनों को कठिनाइयाँ होती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त थाना का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*56. मो० आफाक आलम--क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा प्रखंड अन्तर्गत गढबनैली के कलानंद उच्च विद्यालय, गढबनैली के अल्पसंख्यक छात्रावास का भवन विगत 10 वर्षों से जर्जर की स्थिति में है एवं चहारदीवारी तथा शौचालय का निर्माण नहीं किया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अल्पसंख्यक छात्रावास का भवन, चहारदीवारी एवं शौचालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

थाना खोलना

*57. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी)विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी के महिन्दवारा पंचायत में थाना नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रून्नीसैदपुर प्रखंड के महिन्दवारा, गिद्धा, फुलवरिया, बरहेता, बलुआ, सिरखिरिया, महेथाफरकपुर आदि पंचायत की दूरी रून्नीसैदपुर थाना से 25 कि०मी० है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महिन्दवारा में थाना खोलने का विचार रखती है, कबतक ?

ओ०पी० खोलना

*58. श्रीमती देवंती यादव—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज प्रखण्ड अन्तर्गत मृदौल-पिठौरा जिला के बीच अक्सर अपराधिक घटनाएँ होती हैं और यह क्षेत्र थाना से काफी दूर है;

(2) क्या यह बात सही है कि मृदौल और पिठौरा थाना से दूर रहने के कारण अपराधिक घटनाओं को रोकने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मृदौल-पिठौरा के बीच ओ०पी० खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

बैंक शाखा खोलना

*59. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत बिरौल प्रखंड के ईटवा शिवनगर, बहेड़ी प्रखंड के इनाई एवं बेनीपुर प्रखंड के माधोपुर में उत्तर बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की शाखा नहीं है, यदि हां, तो सरकार ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*60. श्री शिवेश कुमार—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के अगिआँव प्रखंड में आरक्षी निरीक्षक का कार्यालय 15 वर्षों से स्थापित है, लेकिन अभीतक कार्यालय भवन का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हां, तो सरकार आरक्षी निरीक्षक कार्यालय के भवन का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

यातायात थाना खोलना

*61. श्री अरुण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना में यातायात नियंत्रण के लिए एक मात्र यातायात थाना वर्ष 1976 ई० में खोला गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना में यातायात के बढ़ते दबाव को नियंत्रित करने के लिए सगुना मोड़ तथा फतुहा में एक-एक यातायात थाना खोलने का प्रस्ताव विगत नवम्बर, 2010 ई० से विभाग में लंबित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (2) में वर्णित यातायात थाना खोलने का विचार रखती है, कबतक, यदि नहीं, तो क्यों ?

आई०पी०एस० अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

*62. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह—दैनिक हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 13 सितम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''राज्य में आई०पी०एस० अधिकारियों का टोटा'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में आई०पी०एस० के कुल 265 पद स्वीकृत हैं, जिसमें डी०जी०पी० से लेकर ए०एस०पी० स्तर के मात्र 135 आई०पी०एस० ही कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में आई०पी०एस० के पदाधिकारी की कमी के बावजूद बिहार कैडर के 25 आई०पी०एस० अधिकारियों को केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में स्वीकृत खाली पदों पर आई०पी०एस० अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करने हेतु कौन-सी कार्रवाई का विचार रखती है ?

---

छात्रावास का निर्माण

*63. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड के भौखड़ा ग्राम अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में अल्पसंख्यक छात्रावास नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन कार्य में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भौखड़ा में अल्पसंख्यक छात्रावास का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*64. श्री शशि भूषण हजारी—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान, तिलकेश्वर स्थान थाना एवं आरक्षी निरीक्षक बिरौल के कार्यालय को अपना सरकारी भवन नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि कुशेश्वर स्थाना थाना एवं आरक्षी निरीक्षक कार्यालय के लिए भूमि अर्जित होने के बावजूद अबतक भवन का निर्माण नहीं हो सका है;

(3) क्या यह बात सही है कि कुशेश्वर स्थान में थाना एवं आरक्षी निरीक्षक कार्यालय भवन के नाम पर प्रतिवर्ष भाड़े के रूप में सरकारी कोष से भुगतान किया जा रहा है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कुशेश्वर स्थान थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

कार्य पूर्ण करना

*65. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जिला एवं प्रखण्ड किशनगंज के थाना नं० 80 अन्तर्गत बरारी कब्रिस्तान की घेराबन्दी के लिए वर्ष 2007 में पाँच लाख रुपया आवंटित किया गया है जिससे घेराबन्दी का कार्य आरम्भ किया गया, किन्तु अबतक कार्य पूर्ण नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बरारी कब्रिस्तान की घेराबन्दी का कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

थाना स्थापित करना

*66. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कटिहार जिलान्तर्गत हसनगंज प्रखंड में पुलिस थाना नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि हसनगंज प्रखंड में पुलिस थाना नहीं रहने के कारण अपराध नियंत्रण में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हसनगंज प्रखंड में पुलिस थाना स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

उत्क्रमित करना

*67. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कटिहार नगर में नगर थाना अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार प्रत्येक जिला में वर्ष 2010 से आदर्श थाना की स्थापना कर रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नगर थाना कटिहार को आदर्श थाना के रुप में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

अपराधिक वारदातों को रोकना

*68. श्री अरूण शंकर प्रसाद—स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 नवम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''सीमावर्ती क्षेत्र में अपराधियों से दशहत'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भारत-नेपाल के सीमावर्ती जयनगर अनुमंडल सहित आसपास के इलाके में 2009-10 एवं 2010-11 में आपराधिक वारदात बढ़ गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि भारत-नेपाल सीमा पर 2001 से ही सशस्त्र सीमा बल तैनात किये गये हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि संशस्त्र सीमा बल के तैनाती के बावजूद नेपाली अपराधियों का दहशत सीमावर्ती क्षेत्रों में व्याप्त रहता है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अपराधिक वारदातों को रोकने के लिए कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*69. श्री रामायण माँझी—क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के दरौली प्रखण्ड के ग्राम खोर में कब्रिस्तान की घेराबन्दी वर्ष 2008 में शुरू किया जो अभीतक अपूर्ण है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पटना:
दिनांक 05 दिसम्बर, 2011(ई०)।

गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

---

बि०स०मु० (एल०ए०), 53 -डी०टी०पी०-450